## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–29.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- हेमन्त सोरेन ने झारखंड राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की ली शपथ, संभाली बागडोर, विकास और बेहतर प्रशासन देने की जताई प्रतिबद्धता।
- नई सरकार की हुई पहली कैबिनेट, विधानसभा का पहला सत्र 9 दिसंबर से, दिसंबर माह से ही मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि बढ़ाकर 2 हज़ार 5 सौ रुपए देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी।
- दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से आधा दर्जन ट्रेनों का 30 नवंबर से पांच दिसंबर तक परिचालन स्थगित, कई ट्रेनों के रूट में किया गया बदलाव।
- राज्य के कई हिस्सों में चक्रवातीय तूफान फेंगल का दिखेगा असर, एक से 3 दिसंबर तक बारिश की संभावना, पारा गिरने से बढ़ेगी कनकनी।
- लखनऊ मे आयोजित 68वीं नेशनल स्कूल गेम्स एथलेटिक्स अंडर–17 चैंपियनशिप में झारखंड की ओबामी मुर्मू ने जीता स्वर्ण पदक, विनीत उरांव को मिला रजत पदक।

****************

हेमंत सोरेन ने झारखंड राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद बागडोर संभाल ली है। झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों के साथ औपचारिक बैठक में उन्होंने कई अहम निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।
इससे पहले राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत इंडिया ब्लॉक के कई बड़े राजनेता मौजूद थे।

****************

राज्य में नई सरकार के गठन के बाद विधानसभा का पहला सत्र 9 से 12 दिसंबर तक चलेगा। वहीं स्टीफन मरांडी प्रोटेम स्पीकर बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संवाददाताओं को जानकारी देते हुए बताया कि मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को दिसम्बर से दो हज़ार पांच सौ रुपए सम्मान राशि मिलेगा। इसके साथ पुलिस नियुक्ति परीक्षा प्रक्रिया की समीक्षा और जेपीएससी और जेएसएससी द्वारा अगले वर्ष जनवरी माह तक परीक्षा कैलेंडर जारी करने समेत सात प्रस्तावों को मंजूरी दी गई ।

****************

अनुराग गुप्ता राज्य के नए पुलिस महानिदेशक बनाए गए हैं जबकि निःवर्तमान डीजीपी अजय कुमार सिंह झारखंड पुलिस हाउसिंग बोर्ड का अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक का पद संभालेंगे। वहीं, अजीत पीटर डुंगडुग देवघर के नए पुलिस अधीक्षक होंगे। उधर, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव के पद पर अविनाश कुमार अगले आदेश पर बने रहेंगे। मंजूनाथ भजंत्री को फिर से रांची के उपायुक्त का जिम्मा सौंपा गया है।

****************

बोकारो जिला के चंदनक्यारी प्रखंड के शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो के परिजनों को दस लाख रुपए की अनुग्रह राशि और एक आश्रित को नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देश और राज्य के लिए शहीद होने वाले अग्नि वीरों को सम्मान और सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि असम के सिलचर में तैनात अग्निवीर अर्जुन महतो इस महीने की 21 तारीख को उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए थे।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
****************

झारखंड उच्च न्यायालय में जेएसएससी की उच्च विद्यालय शिक्षक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा– 2016 से संबंधित सभी याचिकाओं पर 17 दिसंबर को अंतिम सुनवाई होगी। इस सिलसिले में अदालत ने सभी प्रार्थियों और सरकार तथा जेएसएससी से राज्यस्तरीय मेधा सूची में चुने गए अभ्यर्थियों के अंकों की जानकारी देने को कहा है।

****************

जामताड़ा जिले में सामाजिक संगठनों द्वारा तालाबों के संरक्षण की दिशा में पहल की जा रही है।

****************

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से आधा दर्जन ट्रेनों के परिचालन को स्थगित कर दिया गया है। इसके तहत बर्धमान–हटिया–बर्धमान मेमू एक्सप्रेस और आद्रा–बरकाकाना–आद्रा मेमू एक्सप्रेस, बोकारो स्टील सिटी–रांची–बोकारो स्टील सिटी एक्सप्रेस टाटा नगर–हटिया–टाटानगर एक्सप्रेस और खड़गपुर–रांची–खड़गपुर एक्सप्रेस का परिचालन नवंबर से पांच दिसंबर तक स्थगित रहेगा। वहीं, पन्द्रह ट्रेनों का परिचालन आंशिक और बदले हुए रूट से होगा, जबकि दो ट्रेनों के परिचालन समय में बदलाव किया गया है।

****************

हजारीबाग प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक सुनील भास्कर ने गिरिडीह जिले के अदालत परिसर में सुरक्षा व्यवस्था तथा अग्निशमन कार्यालय में फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को अदालत परिसर की सुरक्षा को लेकर कई अहम निर्देश दिए।

****************

राजधानी रांची के सभी विद्युत आपूर्ति प्रमंडल मे आज पूर्वाह्न 11 से दोपहर दो बज तक बिजली शिविर लगाया जा रहा है। बिजली उपभोक्ता इस शिविर में अपनी बिजली से संबंधित समस्याओं के निराकरण के साथ बिजली बिल भी निर्गत करा सकेंगे।

****************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में एक से 3 दिसंबर तक आसमान में बादल छाए रहने तथा बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया है। बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवात फेंगल के प्रभाव से मौसम में यह बदलाव देखने को मिलेगा। इस वजह से पारा गिरकर 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ सकता है, जिससे कनकनी और बढ़ेगी ।

****************

लखनऊ मे आयोजित 68वीं नेशनल स्कूल गेम्स एथलेटिक्स अंडर–17 चैंपियनशिप में झारखंड की ओबामी मुर्मू ने त्रिपल जंप स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने ग्यारह दशमलव आठ तीन मीटर की कूद लगाई। वहीं, इसी स्पर्धा के बालक वर्ग में विनीत उरांव ने भी झारखंड को रजत पदक दिलाया। राज्य के स्कूली शिक्षा सचिव ने इन दोनों खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी है।

****************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने झारखंड में नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह. के आयोजन से संबंधित खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा

प्रभात खबर की सुर्खी है– अबुआ सरकार का जोहार।

हिंदुस्तान ने लिखा है– पहली कैबिनेट में मंईयां राशि दो हजार पांच सौ करने पर मोहर।

दैनिक भास्कर लिखता है– अनुराग गुप्ता फिर बनाए गए डीजीपी, मंजूनाथ भजंत्री रांची डीसी।

दैनिक जागरण ने लिखा है– हेमंत–चार अबुआ सरकार।

अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने संसद के शीतकालीन सत्र में वक्फबोर्ड और अडाणी से जुड़े मामले में विपक्ष के हंगामें की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*************